# एटीएम कार्ड बदलकर रकम उड़ाने वाली गैंग कर पर्दाफाश, दो जने गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 284 एटीएम कार्ड व कार जब्त की

- शातिर बदमाश वारदात अंजाम देने के लिए महंगी कार में घूम कर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में वारदात देते रहे
- गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जयपुर के हस्तेड़ा थाना गोविंदगढ़ निवासी कपिल कुमावत उर्फ सोनू और चौमूं निवासी मनोज धानका हैं

**अजमेर,** (कासं)। एटीएम कार्ड बदलकर खातों से रकम उड़ाने वाली गैंग के दो शातिर पुलिस के हत्थे चढ़ गए। क्रिश्चयनगंज थाना पुलिस ने गैंग पर्दाफाश करते हुए बताया कि शातिरों के पास से 284 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं। शातिर बदमाश वारदात अंजाम देने के लिए महंगी कार में घूम कर प्रदेश के अलग-अलग शहरों में वारदात देते रहे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है, अन्य वारदातें खुलने की उम्मीद पुलिस ने जताई है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

क्रिश्चियनगंज थाने के सीआई अरविंद चारण गैंग का पर्दाफाश करते हुए बताया कि शहर में एटीएम कार्ड बदलकर वारदात अंजाम देने वाली गैंग के जयपुर जिले के गोविंदगढ़ और चौमूं निवासी दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अलग-अलग बैंकों के 284 एटीएम कार्ड और एक कार भी जब्त की है। पुलिस ने यह कार्रवाई गत दिनों थाना क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग का कार्ड बदलकर राशि निकालने के मामले में इनकी तलाश की थी।

सीआई चारण ने बताया कि केरियों की ढाणी माकड़वाली निवासी भंवरलाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 मई की शाम करीब सात बजे स्टीफन चौराहे के पास बीओबी के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने गया था। वहां रुपए नहीं निकले, तब दो युवकों ने मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 75 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने शातिर बदमाशों की तलाश शुरू करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें संदिग्धों को पहचान कर मुखबिर की सूचना के आधार पर ऐसी घटनाएं करने वाले बदमाशों की सूची तैयार की गई। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर ही बदमाशों का सुराग लगा। पुलिस द्वारा लगातार बदमाशों पीछा किया गया और इनमें से एक को चौमूं से और दूसरे को श्रीमाधोपुर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जयपुर के हस्तेड़ा थाना गोविंदगढ़ निवासी कपिल कुमावत उर्फ सोनू और चौमूं निवासी मनोज धानका हैं।

सीआई ने बताया कि बदमाश किराए पर टैक्सी कार बुक करके अलग-अलग शहरों में घूमाते रहते हैं। शहरों में एटीएम बूथों पर जाकर भोले-भाले लोगों को शिकार बनाते हैं। बूथ के अंदर जाकर यह ग्राहक का पासवर्ड देख लेते और रुपए नहीं निकलने पर मदद के बहाने कार्ड बदल लेते। मौके पर एक बार तो राशि निकाल कर दे देते हैं, लेकिन कार्ड बदलकर बाद में बड़ी रकम निकाल लेते हैं। इस रकम का उपयोग मौज मस्ती और महंगे शौक पूरे करने में खर्च कर देते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने अजमेर शहर सहित ब्यावर, भीनमाल, जालोर, उदयपुर, नीमराना अलवर, उदयपुरवाटी झुंझुनूं में एटीएम बदल कर धोखाधड़ी की वारदात अंजाम देना कबूल की है। आरोपियों से और घटनाओं का खुलासा होने की उम्मीद है।

# बाइक में आग लगी, युवक जिंदा जला

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में करंट लगने से बाइक समेत युवक जिंदा जल गया। युवक बाइक लेकर 31 बीबी गांव से निकल रहा था। इस दौरान अचानक उसकी बाइक फिसल गई और बिजली के पोल से टकरा गई। बिजली के पोल में कंरट आने से बाइक में आग लग गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद करवाई, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। आग में युवक जिंदा जल गया। हादसे की सूचना पर गजसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है और युवक की पहचान करने के प्रयास में जुटी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक जैसे ही पोल के पास से गुजरा अचानक उसकी बाइक फिसल गई और पोल से टकरा गई। पोल में करंट होने के कारण युवक और बाइक करंट की चपेट में आ गया। बाइक में आग लगने से युवक जिंदा जल गया। युवक की पहचान नहीं हो पाई है, उसकी उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि युवक सब्जी बेचने का काम करता था और रोजाना गांव में फेरी लगाने आता था। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में उसके बारे में जानकारी जुटा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली के पोल में करंट आने की वजह शॉर्ट सर्किट या पोल की खराब वायरिंग है।

# गबन का आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा,** (निसं)। टोडारायसिंह थाना पुलिस ने उचित मूल्य की दुकान से सरकारी गेंहू गबन के मामले में आरोपी राशन डीलर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम चौधरी ने बताया कि टोडारायसिंह थाने में दर्ज आवश्यक वस्तु अधिनियम में वांछित राशन की दुकान से 11083 किलोग्राम सरकारी गेंहू के गबन के दर्ज मामले में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुये आरोपी राशन डीलर पुखराज पुत्र श्रवण लाल बैरवा निवासी सालग्यावास टोडारायसिंह को गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय जोधपुर नगर निगम उत्तर**

क्रमांकः– विकास / उत्तर / द्वितीय / 2025–26 / 927 दिनांकः– 30.05.2025

:: अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या ::

(UB NO. DLB2526WSOB06550)

नगर निगम जोधपुर की ओर से विभिन्न विकास कार्य हेतु ऑनलाईन अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते इत्यादि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.raj.nic.in पर एवं जोधपुर नगर निगम उत्तर की वेबसाईट https://lsg.rajasthan.gov.in/mcjn देखी जा सकती है।

महापौर, नगर निगम, जोधपुर उत्तर — आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर उत्तर

राज.संवाद / सी / 25 / 3786



**Office of the Superintendent Engineering and Project Manager WCDC, Karauli**

No. 571 Date: 30-05-2025

NOTICE INVITING BID

NIB No 11/2025-26

Bids for RTWHS With Recharge shaft work Project PMKSY2.0 Block-Todabhim of estimated value INR 22.66 Lacs [ 01 Package] are invited from interested bidders up to 06.00 PM, 09-06-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/ ) of the state, departmental website.

NIB CODE:- WSC2526WSRC00352

UBN NO-WSC2526A0204

Superitending Engineer and Project Manger, WCDC Zila Parishad Karauli

DIPR/C/7254/2025


## बिजयनगर ब्लैकमेल कांड

# कैफे संचालक सहित दो नाबालिगों की जमानत खारिज

**अजमेर,** (कासं)। ब्यावर जिले के बिजयनगर में हुए रेप ब्लैकमेल कांड मामले में शुक्रवार को पॉक्सो कोर्ट ने कैफे संचालक सहित दो नाबालिग आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। जानकारी के अनुसार कैफे पर बच्चियों के साथ हैवानियत हुई थी। इससे पूर्व चार जून को मुख्य आरोपी पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी की भी जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। मामले में बिजयनगर थाना पुलिस ने 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 11 बालिग और 5 नाबालिग है।

सरकारी वकील प्रशांत यादव ने बताया कि बिजयनगर रेप ब्लैकमेल कांड मामले में शुक्रवार को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट में 3 आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मामले में आरोपी कैफे संचालक श्रवण जाट सहित दो नाबालिगों ने जमानत याचिका लगाई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तीनों की अर्जी को खारिज कर दी है। यादव ने बताया कि पीड़िताओं से कैफे में रेप की वारदात हुई थी। कैफे संचालक श्रवण कुमार आरोपियों के संपर्क में था। ये जानते हुए कि आरोपी नाबालिग पीड़िताओं को गलत काम के लिए कैफे लेकर आए हैं, उन्हें रोका नहीं और पैसे लेकर कैफे में शरण दी। वारदात के दौरान आरोपी श्रवण कुमार भी कैफे पर ही मौजूद था। मामला सामने आने के बाद कैफे संचालक भाग गया, जिसे कर्नाटक से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया था। अब आरोपी कैफे संचालक ने जमानत याचिका कोर्ट में पेश की थी। इस पर कोर्ट में सुनवाई हुई। सरकारी वकील ने कहा कि कोर्ट के सामने हमने अपना पक्ष रखा। कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# पारिवारिक विवाद में बहनोई की चाकू मारकर हत्या

- हमले में बहनोई का चचेरा भाई घायल, घटना के बाद आरोपी फरार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र सेक्टर 14 में गुरूवार की रात में एक ज्यूस की दुकान के पास में दो सालों ने मिलकर अपने बहनोई और उसके चचेरे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह घायल बहनोई की रात एक बजे मौत हो गई। वहीं उसका चचेरा भाई अस्पताल में भर्ती है। इधर घटना के बाद आरोपी सालें मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस रातभर छापेमारी करती रही। हमले का कारण आरंभिक तौर पर पारिवारिक विवाद बताया जाता है। पुलिस ने मामले से जुड़े कुछ संदिग्ध को पकड़ा है जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं शुक्रवार सुबह शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द किया गया। देर रात इस बारे में घायल के पर्चा बयान पर केस दर्ज कर लिया गया था।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थानाधिकारी ईश्वरचंद पारिक ने बताया कि रात में सूचना मिली कि सेक्टर 14 के पास में चाकूबाजी हुई है। इस पर पुलिस तत्काल वहां पहुंची। जहां पर दो घायलों नुमान और रफीक को जनसहयोग से अस्पताल भिजवाया गया। थानाधिकारी पारिक के अनुसार नुमान और उसके दो सालों फिरोज एवं समीर के साथ एक अन्य व्यक्ति ने यह हमला किया था। इनकी तलाश की जा रही है। आरंभिक पड़ताल में इनके बीच में कोई पारिवारिक विवद सामने आ रहा है। फिलहाल इस बारे में पूर्ण पता लगाया जा रहा है। हमलावरों की तलाश में पुलिस की टीमें लगाई गई है। नुमान को गंभीर घाव लगे थे, जिसकी बाद एक बजे मौत हो गई। थानाधिकारी पारिक के अनुसार कुछ संदिग्ध को पकड़ा है जिनसे पूछताछ की जा रही है।


**कार्यालय, अधीक्षण अभियंता पदेन परियोजना प्रबन्धक, वाटरशैड सेल कम डाटा सेन्टर जिला-कोटपूतली-बहरोड**

E-mail:-sewdsc.kot.behror@rajasthan.gov.in

क्रमांक-417-427 दिनांक-29-5-2025

ई-निवदा सूचना सं-03/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत जिला कोटपूतली बहरोड के 01 ब्लॉक में एनिकट, परकोलेशन टैंक, रिचार्ज शाफ्ट, जोहड/तालाब रिनोवशन, अद्धर्न चैक डैम, एमपीटी, परकोलेशन टैंक, सब सरफेस बैरियर, संकन पोण्ड तथा मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 अन्तर्गत 02 ब्लॉक में अमृत सरोवर, ट्यूबवेल रिचार्ज, एनिकट आदि काय इत्यादि के अंतर्गत करवाए जाने वाले विभिन्न निर्माण कार्य हेतु जिला कोटपूतली-बहरोड में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण "https://eproc.rajasthan.gov.in", "https://sppp.rajasthan.gov.in" एवं विभागीय वेबसाईट "www.watershed.gov.in" पर देखा जा सकता है।

NIB code:- WSC2526A0200

| UBN | ऑनलाईन फार्म डाउनलोड/ अपलोड करने की दिनांक | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|
| WSC2526WSOB00344<br>WSC2526WSOB00345<br>WSC2526WSOB00346<br>WSC2526WSOB00347 | दिनांक 30.06.2025 प्रातः 9.30 बजे से 08.06.2025 सायं 06 बजे तक | दिनांक 09.06.2025 प्रातः 11 बजे |

(हरिमोहन बैरवा) अधीक्षण अभियन्ता पदेन परियोजना प्रबन्धक (डब्ल्यू. सी.डी.सी.) कोटपूतली-बहरोड

DIPR/C/7234/2025


# उदयपुर : आबादी इलाके में लेपर्ड का मूवमेंट दिखा

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के आबादी इलाके में शुक्रवार सुबह एक लेपर्ड का मूवमेंट देखा गया। इसके बाद से आसपास के लोग डरे हुए हैं। लोगों का कहना है कि लेपर्ड पटरी पार कर राणा प्रताप स्टेशन की तरफ भागा है।

शहर के ओस्तवाल नगर के एक निवासी के अनुसार सुबह करीब साढ़े छह बजे रसोई के पीछे कुछ आवाज आ रही थी। जब रसोई की खिड़की से बाहर की तरफ देखा तो झाड़ियों में लेपर्ड छिपा हुआ था। इस पर आसपास के लोगों को आवाज देकर बुलाया, लेकिन तब तक लेपर्ड वहां से भाग गया। उन्होंने बताया कि जहां लेपर्ड दिखा वहां से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक है और पास में एक फैक्टरी है जो बंद पड़ी है। लोगों की आवाज सुनकर लेपर्ड पटरी पार कर स्टेशन की तरफ भाग गया। लोगों ने बताया कि सूचना पर वन विभाग की टीम भी यहां सुबह आठ बजे आई, लेकिन वे थोड़ी देर यहां रुके और मौका देखा। लोगों का कहना है कि टीम लेपर्ड यहां से रेलवे स्टेशन की तरफ चला गया कहकर चली गई जबकि लेपर्ड के मूवमेंट को देखकर पीछे फैक्टरी और रेलवे स्टेशन की तरफ पूरा चेक करना था। लोगों ने बताया कि कॉलोनी में बच्चे भी बाहर की तरफ खेलते हैं और लोग वॉक भी करते हैं, लेपर्ड के मूमवेंट से दशहत हो गई है।

# डिजिटल करेंसी में इन्वेस्ट के नाम पर 57.55 लाख की ठगी

- महिला से दुकानदार की पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी

जोधपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर बिजली घर के पीछे रहने वाले एक दुकानदार को महिला ने डिजिटल करेंसी में मोटे मुनाफे का लालच देकर 57. 55 लाख की ठगी कर डाली। महिला से उसकी पहचान इंस्टाग्राम पर हुई फिर व्हाट्सअप कॉल करने लगी। इसके बाद वह उसे झांसे में लेती गई और ठगी का शिकार बना डाला। पीड़ित ने अब प्रतापनगर सदर थाने में इस बाबत केस दर्ज करवाया है। पीड़ित बिजली कार्य की दुकान चलाता है।

थाने के सबइंस्पेक्टर देवाराम ने बताया कि इसमें प्रतापनगर बिजलीघर के पीछे रहने वाले हरिश कुमार पुत्र जेसाराम जीनगर ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि वह दुकानदारी करता है। उसके मोबाइल पर इंस्टाग्राम पर एक महिला सेजल अग्रवाल से पहचान हो गई थी। बाद में सेजल ने उसे डिजिटल करेंसी में इंवेस्ट करने पर बड़े मुनाफे की बात की थी। जिस पर हरिश कुमार ने 16 अप्रैल को पहली बार 14 हजार रूपए इन्वेस्ट किए थे, जिसके बदले में उसे तत्काल दो हजार का मुनाफा यानी 16 हजार रूपए दिए गए। इन रूपयों को उसने खाते से निकाल भी लिए। मगर बाद में सेजल ने उसे ज्यादा पैसे लगाने के लिए उत्प्रेरित किया और कहा कि ज्यादा लगाने पर ज्यादा मुनाफा होगा। इसके बाद वह 28 मई तक पैसे लगाता गया और कुल 57 लाख 55 हजार 491 रूपए लगा दिए। इतनी बड़ी रकम के बारे में पीड़ित हरिश कुमार ने बताया कि उसका मकान बिकने पर 25 लाख रूपए आए थे, बाकी वह उधार और इधर उधर से करके लाया था। आरोपी महिला सेजल अठावाल के साथ एक अन्य व्यक्ति भी इस फ्रॉड में शामिल है। सेजल खाता संख्या भेजती रहती थी। आखिर में जब रूपए लौटाने की बात आई तो आरोपियों ने कहा कि वे 17 लाख रूपए खाते में डालेगा तो उसे रकम मिल पाएगी। एसआई देवाराम ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है।

# हज यात्रा कराने के नाम पर ठगी

**जोधपुर,** (कासं)। देवनगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने परिवार के तीन सदस्यों को हज यात्रा करवाने के नाम पर रूपए ऐंठ लिए, मगर उसने हज यात्रा नहीं करवाई। रूपए वापिस मांगे जाने पर कुछ रूपए लौटाए, मगर बाकी रकम लौटाने से मना कर दिया। पीड़ित ने देवनगर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि शांतिप्रिय नगर पाल लिंक रोड निवासी कबीर अहमद पुत्र अब्दुल अजीज ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि वह दस दुकान के पीछे चौपासनी रोड पर अब्दुल मजीद नाम के शख्स से मिला था। अब्दुल मजीद ने कहा कि वह हज यात्रा करवा सकता है। इस पर परिवादी कबीर अहमद ने खुद की, पत्नी और बेटी की हज यात्रा के बारे में बात की थी। 31 जनवरी 2025 से 2 फरवरी 2025 तक हज यात्रा कराने के नाम पर उससे 1.58 लाख रूपए लिए गए।


**कार्यालय नगर परिषद,दौसा (राजस्थान)**

क्रमांकःन.प.दौ. / 2025 / 1217 दिनांक 04.06.2025

ई–निविदा सूचना

नगर परिषद दौसा द्वारा परिषद कोष के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य करवाये जाने हेतु कार्यालय नगर परिषद एवं इस कार्यालय से सम्बन्धित विभाग (अभियान्त्रिकी, स्वायत्त शासन विभाग) में पंजीकृत संवेदकों के अलावा अन्य विभाग के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से (पंजीकरण नियम Appendix XVI Rule 334 के सेक्शन II के अनुसार) निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in व http://www.sppp.rajasthan.nic.in/ से Download/Upload की जा सकती है :–

| निविदा के कुल कार्यों की संख्या | निविदा प्रकाशन तिथि | निविदा Download/ Upload करने की अंतिम दिनांक एवं समय | प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि भौतिक रूप में जमा कराने की दिनांक व समय | ऑनलाईन निविदा की बिड खोलने की दिनांक व समय | UBN No. |
|---|---|---|---|---|---|
| 06 | 04.06.2025 | 14.06.2024 को 6:00 पीएम तक | 16.06.2025 11:00 एएम तक | 16.6.2025 दोपहर 2:00 बजे पश्चात्। | DLB2526WSOB06810, DLB2526WSOB06811, DLB2526WSOB06812, DLB2526WSOB06813, DLB2526WSOB06815, DLB2526WSOB06818 |

राज.संवाद / सी / 25 / 3759 — आयुक्त, नगर परिषद, दौसा


# बैंक मैनेजर से 28.77 लाख की ठगी

**अजमेर,** (कासं)। शातिर ठगों ने कार्गो मोटर्स राजस्थान प्राइवेट लिमिटेड का कर्मचारी बनकर एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दे डाला। ठगों ने तीन ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 28 लाख 77 हजार रुपए खाते से उड़ा लिए। पीड़ित ने सायबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सायबर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना केंद्र एचडीएफसी बैंक केंद्रीय ब्रांच में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत अभिषेक माहेश्वरी ने मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर कॉल आया था। कॉलर ने कार्गो मोटर राजस्थान प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चेक बुक समाप्त होने और कंपनी के लेटर पैड पर राशि ट्रांजैक्शन का ई-मेल प्राप्त होने की जानकारी दी थी। पीड़ित ने बताया कि बैंक का मेल चेक करने पर कंपनी के लेटर पैड पर कंपनी के डायरेक्टर के सिग्नेचर मिलान होने या कंपनी के पूर्व रिकॉर्ड के आधार पर तीन ट्रांजैक्शन के जरिए 28.77 लाख का ट्रांजैक्शन कर दिया, लेकिन कंपनी का ओरिजिनल लेटर पैड प्राप्त नहीं हुआ और कंपनी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। उन्होंने किसी भी प्रकार के लेनदेन की जानकारी होने से मना कर दिया।


**RAJASTHAN MEDICAL SERVICES CORPORATION LTD.**

(A Govt. of Rajasthan Undertaking), Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, Jaipur-302005, India, Phone No: 0141-2228066, 2228064, Website: www.rmsc.health.rajasthan.gov.in, CIN : U24232RJ2011SGCO35067, E-mail : edpssrmsc@rajasthan.gov.in

Ref No. : F.02(192)/RMSCL/Proc./S&S (MD)/NIB-05/2025/317 Dated :- 28/05/2025

Notice Inviting E-Bids

E-bids for rate contract cum empanelment for supply of following items are invited from eligible bidders:-

| S. No. | Item Name/Description | Ref. No. | UBN | Estimated Value in Rs. | Last Time & Last date for bid submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Surgical And Suture Items | F.02 (192)/RMSCL/Proc./S&S (MD)/NIB-05/2025/ Dated :- 28/05/2025 | MSC2526GLRC00009 | 2.13 Cr. | 26.06.2025 Up to 6.00 PM |

Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in, http://rmsc.health.rajasthan.gov.in and may be downloaded from there.

Executive Director (Procurement) RMSCL

Raj.Samwad/C/25/3752


# बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

- चोरी की तीन बाइक जब्त, बदमाश चोरी की बाइक को पांच हजार में कबाड़ी को बेच देते थे

**पाली,** (निसं)। पाली में पुलिस ने बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की तीन बाइक भी जब्त की है। ये बदमाश चोरी के बाद बाइक को पांच हजार रूपए में कबाड़ी को बेच देते थे। फिर कबाड़ी पूरी गाड़ी को खोलकर सभी पार्ट्स अलग अलग करके बेचता था।

एसपी चुनाराम जाट ने बताया कि पाली के ट्रांसपोर्ट नगर थाने में 2 जून को श्यामलाल ने रिपोर्ट दी थी, जिसमें बताया कि उसका भाई नया गांव क्षेत्र में एक सैलून पर बाल कटवाने गया था। कुछ देर बाद वापस लौटा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की। जांच के दौरान फुटेज की मदद से चोरों को लेकर सुराग लगा। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए बाइक चोरी के आरोपी पाली जिले के दूदौड़ (मारवाड़ जंक्शन) निवासी 24 साल के भीमाराम पुत्र जीवाराम, मारवाड़ जंक्शन के मुक्तिधाम के पास माली मोहल्ला में रहने वाले 27 साल के पुखराज उर्फ पपिया पुत्र जसाराम को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ के आधार पर कबाड़ी का काम करने वाले मारवाड़ जंक्शन के ही महावीर नगर निवासी 31 साल के सुनील पुत्र कानाराम को गिरफ्तार किया।

# 50 बुलेट बाइकों के मोडीफाई साईलेंसर खोले

**सादुलपुर,** (निसं)। पुलिस थाना राजगढ़ के सीआई राजेश कुमार सिहाग, एएसपी किशोरीलाल एवं आईपीएस अधिकारी निश्चय प्रसाद एम के नेतृत्व में राजगढ़ थाना पुलिस ने 50 बुलेट मोटरसाईकिलों के साईलेंसर हटवाये। सीआई राजेश कुमार सिहाग ने कहा कि स्कूल, कॉलेज के आगे एवं बाजार में बुलेट मोटरसाईकिलों से पटाखे जैसे आवाजें निकालने की आए दिन शिकायतें मिल रही थी, जिनमें कुछ आवारा किस्म के लोग जो बुलेट मोटरसाइकिलों के साईलेंसर मोडीफाई करवाकर स्कूल से छुट्टियां होती है तब बच्चों के आगे दौड़ना या बाजार में बड़ी स्पीड से पटाखे बजाना जैसी शिकायतें मिल रही थी। अभियान के दौरान करीबन 50 बुलेट मोटरसाइकिलों के साईलेंसर खोल चुके हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।


**कार्यालय नगर विकास न्यास जैसलमेर**

क्रमांक :- नविन्यास/लेखा/जैसल/2025-26/2632 दिनांक :- 05/06/2025

निविदा सूचना संख्या अभियांत्रिकी/02/2025-26

नगर विकास न्यास, जैसलमेर की ओर से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत व अन्य विभागों में "ए", "एए" श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से दो कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनके UBN No. UJS2526WSOB00003 & UJS2526WSOB00004 है। निविदा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी निविदा की शर्ते इत्यादि वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

सचिव, नगर विकास न्यास, जैसलमेर

राज.संवाद/सी/25/3769



**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट www.mcudaipur.org.com

क्रमांक : निविजा / 2025–26 / ई –10 दिनांक :– 04.06.2025

(ई–भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या – ई 10/2025–26

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राषि रु0 110.60 लाख के कुल 02 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 05.06.2025 एवं अंतिम तिथि 16.06.2025 तथा निविदा खुलने की तिथी 17.06.2025 रहेगी निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। UBN No. UNP2526WSOB00038

राज.संवाद / सी / 25 / 3777 — अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम, उदयपुर



**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लिग्नाईट, सी-स्कीम, जयपुर- 302005(राज.), फोन नम्बर: (0141) 2227938, 2227710, 2227715, फैक्स: (0141)2227360, 2227761 Email:- Jaipur.rsmml@rajasthan.gov.in

दिनांक :- 05/06/2025

ई-निविदा सूचना

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| RSMM/SBU&PC-Lignite/ GGM(Lignite)/Cont-06/ 2025-26 dated 04.06.2025 UBN No. MML2526SLOB00030 | एसबीयू एवं पीसी लिग्नाईट, जयपुर (राजस्थान) में पेशेवर विशेषज्ञों (सीए / सीएमए फर्म) के माध्यम से वित एवं लेखा सेवाओं का कार्य। अनुमानित मूल्य (रू.) 15.60 लाख धरोहर राशि (रू.) – 31,200 / –, निविदा राशि– 1180 / – जी.एस.टी. सहित। |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबंधक (यांत्रिकी–कॉन्ट्रेक्ट) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/3722 — उप महाप्रबन्धक (का. एवं प्रशा.)



**राजस्थान आवासन मण्डल**

हमारा प्रयास, सबको आवास

गंगा अपार्टमेंट, सेक्टर-26, फेज-II प्रताप नगर, जयपुर RAJ/P/2025/3491 | गुलमोहर अपार्टमेंट, विलेज-सुखालपुरा, सेक्टर-05, रजतपथ, मानसरोवर, जयपुर RAJ/P/2025/3696 | लाखेरी, फेज-III, डिस्ट्रिक्ट -बूंदी RAJ/P/2023/2406 | हाउसिंग स्कीम, फेज -II, सेक्टर -4, धौलपुर RAJ/P/2023/2354 | हाउसिंग स्कीम, फेज -II, सेक्टर -5, धौलपुर RAJ/P/2023/2362

RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in

जो कल तक था सपना, आज बन सकता है अपना

अब केवल 5 दिन शेष !

राजस्थान आवासन मण्डल की 5 नई योजनाओं में आवेदन का अंतिम अवसर

« मूलभूत सुविधाएँ शामिल »

आवेदन की अंतिम तिथि 11 जून 2025

पानी की सुविधा | बिजली की व्यवस्था | सुसंगठित सड़कें | सीवर प्रणाली | पार्किंग | हरित पार्क एवं ओपन स्पेस

आवेदन ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से

जयपुर: गंगा अपार्टमेंट फेज-2, सेक्टर-26, प्रताप नगर, स्ववित्त पोषित (SFS) आय वर्ग: HIG (S+10); गुलमोहर अपार्टमेंट, सेक्टर-05, मानसरोवर, स्ववित्त पोषित (SFS) आय वर्ग: HIG (B+S+5) डबल पार्किंग

बारां: गजनपुरा आवासीय योजना (स्वतंत्र आवास) विशिष्ट पंजीकरण योजना (SRS) आय वर्ग: Gharonda, MIG-A, MIG-B, HIG

बूंदी: लाखेरी आवासीय योजना (स्वतंत्र आवास) विशिष्ट पंजीकरण योजना (SRS) आय वर्ग: HIG, MIG-A, MIG-B

धौलपुर: बाड़ी रोड आवासीय योजना (स्वतंत्र आवास) स्ववित्त पोषित (SFS) आय वर्ग: MIG-B, HIG

« बुकलेट के लिए स्कैन करें »

Ganga Apartment | Gulmohar Apartment | Gajanpura House Scheme | Lakheri House Seceme | Badi Road Sector-04/05 Scheme

विस्तृत विवरण एवं ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवासन मण्डल की वेबसाइट rhb.rajasthan.gov.in देखें

हेल्पलाइन नं. कार्यालय समय में: 0141-2744688, 2740009, कार्यालय समय उपरांत: 9461054291 / 92 / 319 एवं 9460254319, 6376868696 या समन्वयक अधिकारी श्री भारत भूषण जैन: 9828363615 से संपर्क करें।

आवासन आयुक्त

राज.सवांद / सी / 25 / 3797